कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2026/296 भिलाई, दिनांक 18/02/2026

//आदेश//

श्री मानिक निर्मलकर, चौकीदार बिना पूर्व सूचना के जोन क्रमांक 5 अनुविभाग कार्यालय में अनुपस्थित रहे है तथा जोन राजस्व प्रभारी अधिकारी के द्वारा ए.पी.एल राशन कार्ड बनाने का कार्य सौपा गया था किन्तु उनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कार्डधारियों के द्वारा बारम्बार शिकायत किया जा रहा है कि कार्डो का वितरण नहीं किया जा रहा है तथा कार्डधारियों से पैसे की मांग किया जाता रहा है। दिनांक 23.11.2012 को कार्डधारियों द्वारा कार्यालय में जोन राजस्व प्रभारी अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर काफी शोरगुल करते हुए गाली गलौच एवं मारपीट तक उतारू हो गये थे जिससे कि कार्यालय में अप्रिय घटना घटने की संभावना उत्पन्न हो गई थी। इस प्रकार उनके उक्त कृत्य से नगर पालिक निगम, भिलाई की छबि धूमिल हुई है। उनका उक्त कृत्य छ०ग० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1)(2)(3) के विपरीत होने एवं छ०ग० सिविल सेवा आचरण अनुशासनहीनता की श्रेणी में होने के कारण कार्यालयीन पत्र क्रमांक/शि.जा एवं सतर्क/12/71 भिलाई दिनांक 24.12.2012 को विभागीय जांच संस्थित की गई थी।

अतः श्री मानिक निर्मलकर, चौकीदार के विरूद्ध संस्थित विभागीय जांच कार्यवाही में जांच पूर्ण कर विभागीय जांच अधिकारी द्वारा दिनांक 01.08.2025 को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर श्री मानिक निर्मलकर, चौकीदार के विरूद्ध अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होने के कारण लघु शास्ति अधिरोपित करते हुए श्री मानिक निर्मलकर, चौकीदार की आगामी 02 (दो) वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी जाती है एवं संस्थित विभागीय जांच समाप्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2026/297 भिलाई, दिनांक 18/02/2026

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त I/II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
10. श्री मानिक निर्मलकर, चौकीदार नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई